Haryana Vidhan Sabha

14/16/178

The Provision for Punishments of the Irresponsible Teachers

26/07/2023 26/07/2023

*14/16/178 श्री कुलदीप वत्स(बादली)

स्कूल शिक्षा मंत्री

Will the Education Minister be pleased to state:-

मैं सदन के माध्यम से माननीय शिक्षा मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि मेरे विधानसभा क्षेत्र बादली के गाँव दादरी तोए के राजकीय वरिष्ठ विद्यालय का कक्षा दसवीं और कक्षा बाहरवीं का वार्षिक परिणाम पुरे हरियाणा में सबसे कम रहा है। कक्षा दसवीं में कुल 140 विद्यार्थियों में से सिर्फ 32 विद्यार्थी ही पास हुए और कक्षा बाहरवीं में कुल 185 विद्यार्थियों में से सिर्फ 60 विद्यार्थी ही पास हुए, क्या शिक्षा मंत्री जी का ध्यान इस ओर नहीं गया कि इस वर्ष स्कूल का वार्षिक परिणाम इतना कम क्यों रहा ? क्या अध्यापकों की शिक्षण प्रणाली कमजोर है या शिक्षण की सामग्री ही जटिल हो गई है। जिस विषय में विद्यार्थी अनुतीर्ण हुए हैं क्या उसके लिए उत्तरदायी प्रिंसिपल, अध्यापक या इससे संबंधित शिक्षा विभाग का कोई भी अधिकारी इतने खराब रिजल्ट के लिए जो भी उत्तरदायी हो उसके लिए किसी प्रकार का दंड या जुमनि का कोई प्रावधान हरियाणा सरकार ने किया हुआ है अगर प्रावधान नहीं है तो इस प्रकार का प्रावधान जल्द- से जल्द किया जाए ताकि आगे बच्चों का भविष्य किसी की भी लापरवाही के कारण खराब न होने पाए ? कृपया कर माननीय मुख्यमंत्री जी सदन के पटल पर विस्तार से बताए।